# University in News on 30 January 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## 30 मार्च तक नहीं ली मान्यता तो अगले सत्र के दाखिलों पर रोक

**लवि कुलसचिव ने सहयुक्त कॉलेजों के लिए जारी किया आदेश**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त लखनऊ और चार अन्य जिलों के कालेजों को 30 मार्च तक नए कोर्स की मान्यता और पुराने का स्थायीकरण कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न कर पाने पर कॉलेज अगले सत्र में दाखिले नहीं कर पाएंगे। लविवि कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय से इस साल हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर के कॉलेज सहयुक्त किए गए हैं। इन जनपदों में नए कॉलेज खोलने और पुराने कॉलेजों में नए कोर्स की मान्यता व पुराने पाठ्यक्रम के स्थायीकरण के लिए अब लविवि के पास आवेदन करना है। लविवि ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 15 जनवरी तय की थी। जिन कालेजों ने ऑनलाइन आवेदन कर दिया है उनको पांच मार्च तक निरीक्षण के लिए पैनल लेना है। इसकी रिपोर्ट 30 मार्च तक लविवि को उपलब्ध करानी है। 30 मार्च तक रिपोर्ट न मिलने पर कॉलेज को अगले सत्र में दाखिले लेने का हक नहीं होगा।

**ऑनलाइन जमा करनी होगी निरीक्षण की फीस :** लखनऊ विद्यालय में नई मान्यता और यह पुरानी के स्थायीकरण के लिए 35,400 रुपये फीस निर्धारित है। यह फीस ऑनलाइन माध्यम से विवि को भुगतान की जानी है। इसमें से 30,000 रुपये फीस और 18 प्रतिशत जीएसटी की राशि शामिल है। यह फीस litres.in पर ऑनलाइन भुगतान करनी है। कॉलेजों की इसकी सत्यापित छायाप्रति व संबद्धता प्रमाणपत्र के साथ लविवि को देनी है। इसके बाद निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर मान्यता का फैसला किया जाएगा।

## लविवि में लगा रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में श्री साईं ब्लड बैंक एंड कंपोनेंट सेंटर, लखनऊ की तरफ से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। उद्घाटन प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। विभाग के समन्वयक डॉ. नीरज जैन सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रो. बीके शुक्ला, प्रो. पूनम टंडन, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## सहयुक्तता प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को सहयुक्तता की प्रक्रिया को समय रहते पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय ने साफ किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी कॉलेज को पाठ्यक्रम में दाखिले लेने की अनुमति नहीं मिलेगी।

कुलसचिव की ओर से शुक्रवार को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। साफ किया गया है कि जिन कालेजों में बीएड पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता 30 जून को समाप्त हो रही है, वे 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से सम्बद्धता के लिए विश्वविद्यालय से निरीक्षक मंडल लेकर स्थलीय निरीक्षण करा लें।

**i-NEXT PAGE 6**

## हॉस्टल आवंटन की फीस ऑनलाइन

**LUCKNOW(29 Jan inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को अब हॉस्टल आवंटन और उसकी फीस जमा करने के लिए इधर-उधर दौड़ने की जरूरत नहीं होगी. सारी व्यवस्था ऑनलाइन होगी. यूनिवर्सिटी ने इसके लिए हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया है, जिसे फाइनेंस कमेटी की बैठक से भी मंजूरी मिल गई है.**

**NBT PAGE 6 & 7**

## एलयू में लगा रक्तदान शिविर



■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा विभाग में शुक्रवार को श्री साईं ब्लड बैंक एंड कंपनी की तरफ से रक्तदान शिविर लगाया गया। कैंप का उद्घाटन एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। सबसे पहले डॉ नीरज जैन ने रक्तदान किया।

## एलयू में 72 ने छोड़ी परीक्षा

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी की सेमेस्टर परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण रही। परीक्षा में करीब 10 हजार छात्रों को शामिल होना था, जिसमें से 72 अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक आनंद मुरारी सक्सेना का कहना है कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए परीक्षाएं करवाई जा रही हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को इरम डिग्री कॉलेज में परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## एलयू में रक्तदान शिविर लगाया गया

**लखनऊ।** एलयू के शारीरिक शिक्षा विभाग में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने किया। शिविर की शुरुआत डॉ.नीरज जैन ने रक्तदान करके की। विवि के छात्रों और शिक्षकों ने रक्तदान किया।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 3**

## कुलपति अंतःवासी छात्रों से करेंगे संवाद

**लखनऊ।** लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय विवि के विभिन्न छात्रावासों में निवास करने वाले छात्र-छात्राओं से भिन्न-भिन्न दिनों में संवाद स्थापित करेंगे। इस क्रम में सर्वप्रथम सुभाष छात्रावास के अन्तःवासियों से कुलपति सोमवार एक फरवरी को शाम चार बजे संवाद स्थापित करेंगे।